**59.** जब कोई परिस्थिति दो या अधिक प्रबन्धकों के प्राधिकार के समुच्चयन की माँग करती है, तो इसे निम्नलिखित में से क्या कहते हैं?

*(a)* खण्डित प्राधिकार

*(b)* केन्द्रीकृत प्राधिकार

*(c)* विकेन्द्रीकृत प्राधिकार

*(d)* पुनःकेन्द्रीकृत प्राधिकार

**60.** AAS–15 के अनुसार, एक लेखापरीक्षक को प्रतिदर्श आकार का निर्धारण करते समय निम्नलिखित में से किन-किन पर विचार करना चाहिए?

1. प्रतिचयन जोखिम
2. बाजार जोखिम
3. सम्भावी त्रुटि
4. छूट-योग्य त्रुटि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* केवल 1 और 2

**61.** निम्नलिखित सभाओं में से किस एक में कम्पनी के लेखापरीक्षक को उपस्थित होने का अधिकार है?

*(a)* शेयरधारियों की प्रत्येक सामान्य सभा

*(b)* केवल वे सभी सभाएँ, जिनमें लेखा पर विचार-विमर्श होता है

*(c)* केवल कम्पनी की वार्षिक आम सभाएँ

*(d)* केवल कम्पनी की वे वार्षिक आम सभाएँ, जिनमें निदेशक मण्डल उसे आमंत्रित करे

**62.** When an auditor certifies a financial statement, which one of the following does it imply?

(a) The contents of the statement can be measured and the auditor has vouched and verified the exactness of the data

(b) The auditor can only have an overall view of the accounts through normal audit procedure

(c) In his opinion the financial statements exhibit a true and fair view of the affairs of the organization under audit

(d) The opinion of the auditor on the financial statements may be unqualified

**63.** Who among the following can fill a casual vacancy caused in a company by way of resignation of the auditor?

(a) Board of Directors

(b) Shareholders through general meeting

(c) Central Government

(d) Comptroller and Auditor General

**64.** Within which one of the following time periods, the first auditor of a newly incorporated company should be appointed?

(a) One week

(b) Three weeks

(c) One month

(d) Two months

**65.** How would the auditors approve the treatment of a lump sum amount by way of repairs to a machinery damaged in the course of its shifting to a new site?

(a) As revenue expenditure

(b) As capital expenditure

(c) As deferred revenue expenditure

(d) None of the above

**66.** Which one of the following may be the opinion of an auditor where he fails to obtain sufficient information to warrant an expression of opinion?

(a) Qualified opinion

(b) Adverse or negative opinion

(c) Disclaimer of opinion

(d) Piecemeal opinion

**62.** जब एक लेखापरीक्षक वित्तीय विवरण को प्रमाणित करता है, तो इसमें निम्नलिखित में से कौन-सा एक निहित है?

*(a)* विवरण की विषयवस्तु का मापन किया जा सकता है और लेखापरीक्षक ने दत्त की वास्तविकता को सत्यापित तथा वाउचर प्रमाणित किया है

*(b)* सामान्य लेखापरीक्षा कार्यविधि द्वारा लेखापरीक्षक लेखाओं पर केवल समग्र दृष्टि डाल सकता है

*(c)* उसकी राय में वित्तीय विवरण लेखापरीक्षा के अन्तर्गत संगठन की सही तथा उचित स्थिति को प्रदर्शित करते हैं

*(d)* लेखापरीक्षक की राय वित्तीय विवरणों पर अप्रतिबन्ध हो सकती है

**63.** एक कम्पनी में लेखापरीक्षक के त्यागपत्र के कारण हुई आकस्मिक रिक्ति को निम्नलिखित में से कौन भर सकता है?

*(a)* निदेशक मण्डल

*(b)* शेयरधारी आम सभा के माध्यम से

*(c)* केन्द्र सरकार

*(d)* नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

**64.** एक नई निगमित कम्पनी में निम्नलिखित में से किस एक समय-अवधि के भीतर प्रथम लेखापरीक्षक की नियुक्ति हो जानी चाहिए?

*(a)* एक सप्ताह

*(b)* तीन सप्ताह

*(c)* एक माह

*(d)* दो माह

**65.** एक नये स्थान पर मशीन को ले जाने में हुई क्षति की मरम्मत की एकमुश्त राशि को लेखापरीक्षकों द्वारा निम्नलिखित में से किस एक रूप में लिये जाने का अनुमोदन होता है?

*(a)* संचालन व्यय

*(b)* पूँजीगत व्यय

*(c)* आस्थगित संचालन व्यय

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** जहाँ पर लेखापरीक्षक को इतनी पर्याप्त सूचना उपलब्ध नहीं हो पाती है कि वह कोई मत व्यक्त करे, तो ऐसी स्थिति में लेखापरीक्षक का निम्नलिखित में से कौन-सा एक मत हो सकता है?

*(a)* सशर्त मत

*(b)* प्रतिकूल या नकारात्मक मत

*(c)* मत का दावा छोड़ना

*(d)* खण्डशः मत

**67.** Consider the following statements :

1. Management audit is statutorily compulsory.
2. Management auditor can be appointed either by Board of Directors or by the shareholders.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**68.** Which one of the following is known as a systematic examination of organizational structure of a concern, its plans, objectives, means of operation and the use of physical facilities and their constructive and comprehensive appraisal?

*(a)* System audit

*(b)* Management audit

*(c)* Statutory audit

*(d)* Procedural audit

**69.** Which one of the following functions is concerned with synchronizing and unifying the actions of a group of people in an organization?

*(a)* Directing

*(b)* Controlling

*(c)* Coordinating

*(d)* Staffing

**70.** With which one of the following is force-field analysis associated?

*(a)* Understanding the pressure for and against change

*(b)* Incessant coordination between production schedule and product distribution schedule

*(c)* Understanding the process of coordination to ensure promptness and avoid red-tapism

*(d)* None of the above

**71.** Consider the following statements :

1. Law does not make it compulsory for a partnership firm to be registered.
2. A partner may be admitted to partnership without any capital contribution.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**67.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रबन्ध लेखापरीक्षा सांविधिकतः अनिवार्य है।
2. प्रबन्ध लेखापरीक्षक या तो निदेशक मण्डल द्वारा या शेयरधारकों द्वारा नियुक्त किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**68.** किसी संस्था की संगठनात्मक संरचना, उसकी योजनाओं, उद्देश्यों, प्रचालन के साधनों तथा भौतिक सुविधाओं के उपयोग एवं उनके प्रलक्षित तथा व्यापक मूल्यनिरूपण की व्यवस्थित परीक्षा को निम्नलिखित में से किस एक रूप में जाना जाता है?

*(a)* व्यवस्था लेखापरीक्षा

*(b)* प्रबन्ध लेखापरीक्षा

*(c)* सांविधिक लेखापरीक्षा

*(d)* कार्यविधिक लेखापरीक्षा

**69.** एक संगठन में लोगों के समूह के कार्यों को समकालिक तथा एकीकृत करने के साथ निम्नलिखित में से कौन-सा एक कार्य सम्बन्धित है?

*(a)* निर्देशन

*(b)* नियंत्रण

*(c)* समन्वयन

*(d)* कर्मचारी-भर्ती (स्टाफिंग)

**70.** बल-क्षेत्र विश्लेषण निम्नलिखित में से किस एक से सम्बन्धित है?

*(a)* परिवर्तन के लिए तथा उसके विरुद्ध दबाव को समझना

*(b)* उत्पादन अनुसूची तथा उत्पाद वितरण अनुसूची के मध्य निरन्तर समन्वय

*(c)* समन्वय की प्रक्रिया को कार्य में शीघ्रता सुनिश्चित करने के लिए तथा लालफीताशाही से बचने के लिए समझना

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विधि के अन्तर्गत साझेदारी फर्म के लिए पंजीयन अनिवार्य नहीं है।
2. एक साझेदार बिना किसी पूँजी योगदान के साझेदारी में शामिल हो सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**72.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Document)* | | *List–II* *(Use)* |
|---|---|---|
| A. Bill of lading | 1. | To certify the origin of goods |
| B. Consular invoice | 2. | To transport cargo by ship |
| C. Packing slips | 3. | To inform about the contents of the package |

*Code* :

*(a)* A B C
3 1 2

*(b)* A B C
2 1 3

*(c)* A B C
2 3 1

*(d)* A B C
3 2 1

**73.** Consider the following statements :

Mutual funds help the investor in securing

1. diversification of risk
2. steady appreciation

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**74.** In marine insurance, a partial loss is technically called as

*(a)* Warranties

*(b)* Particular average

*(c)* Total loss

*(d)* Liabilities

**75.** An auditor is to be appointed by a special resolution

*(a)* where 25% or more of the subscribed capital is held, singly or jointly, by a Public Financial Institution

*(b)* where 25% or more of the subscribed capital is held by Central or State Government

*(c)* where 25% or more of the subscribed capital is held by other institution established by any Provincial or State Act in which State holds 51% subscribed capital

*(d)* in all of the above situations

**76.** Which one of the following management thinkers argued in favour of separating planning from operation?

*(a)* Henri Fayol

*(b)* Luther Gulick

*(c)* L. F. Urwick

*(d)* F. W. Taylor

**72.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (प्रलेख)** | **सूची-II (प्रयोग)** |
|---|---|
| A. लदान-बिल | 1. माल के मूल को प्रमाणित करना |
| B. वाणिज्यदूतीय बीजक | 2. जहाज द्वारा कार्गो का परिवहन करना |
| C. पैकिंग पर्चियाँ | 3. पैकेज की अन्तर्वस्तुओं के बारे में सूचित करना |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 2 |
| *(b)* | 2 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 3 | 1 |
| *(d)* | 3 | 2 | 1 |

**73.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

विनियोजक को म्यूचुअल फण्ड

1. जोखिमों का विविधीकरण सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं
2. स्थिर मूल्यवृद्धि सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**74.** समुद्री बीमा में, एक आंशिक हानि को तकनीकी रूप से क्या कहा जाता है?

*(a)* वारन्टी

*(b)* विशेष बीमाक्षति

*(c)* कुल हानि

*(d)* देयताएँ

**75.** एक लेखापरीक्षक की नियुक्ति एक विशेष संकल्प द्वारा वहाँ की जानी होती है, जहाँ

*(a)* अभिदत्त पूँजी का 25% या अधिक, एकल या संयुक्त रूप से, सार्वजनिक वित्तीय संस्थान के पास है

*(b)* अभिदत्त पूँजी का 25% या अधिक केन्द्र या राज्य सरकार के पास है

*(c)* अभिदत्त पूँजी का 25% या अधिक अन्य संस्थानों के पास है जो कि प्रांतीय या राज्य अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित हुए जिनमें अभिदत्त पूँजी का 51% राज्य के पास है

*(d)* उपर्युक्त सभी परिस्थितियाँ हों

**76.** निम्नलिखित में से किस एक प्रबन्ध विचारक ने प्रचालन से योजना को अलग करने के पक्ष में तर्क दिए थे?

*(a)* हेनरी फेयॉल

*(b)* लूथर गुलिक

*(c)* एल० एफ० उरविक

*(d)* एफ० डब्ल्यू० टेलर

77. The balance brought out between economic and social models of decision-making as advanced by Herbert A. Simon is called

(a) Rational model

(b) Satisfying model

(c) Irrational model

(d) Satisficing model

78. For calculating which one of the following is Dr. Aykroyd's formula applied?

(a) Living wage

(b) Fair wage

(c) Real and nominal wage

(d) Need-based minimum wage

79. Who among the following has observed that bureaucratic staff increases in inverse proportion to the amount of work done?

(a) Laurence J. Peter

(b) Peter F. Drucker

(c) Warren G. Bennis

(d) Northcote Parkinson

80. Under which one of the following conditions does false positive staffing error occur?

(a) Selection as well as performance scores are high

(b) Selection scores are low and performance scores are high

(c) Selection scores are high and performance scores are low

(d) Both selection and performance scores are low

81. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List–I (Selection Step) | List–II (Objective) |
|---|---|
| A. Reference checks | 1. Swift evaluation of candidate |
| B. Preliminary interview | 2. Evaluation of candidate including measuring mannerisms, vocabulary, temperament, etc. |
| C. Selection test | 3. Check authenticity provided in application blanks |
| D. Comprehensive interview | 4. Measuring IQ of the candidate |

Code :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**77.** हर्बर्ट ए० साइमन द्वारा प्रस्तुत निर्णयन के आर्थिक और सामाजिक प्रतिरूपों के बीच लाया गया सन्तुलन क्या कहलाता है?

*(a)* विवेकी प्रतिरूप

*(b)* सन्तुष्टि प्रतिरूप

*(c)* अविवेकी प्रतिरूप

*(d)* सन्तुष्टिकर प्रतिरूप

**78.** निम्नलिखित में से किस एक की गणना करने के लिए डॉ० ऐक्रॉयड के सूत्र का प्रयोग किया जाता है?

*(a)* निर्वाह मजदूरी

*(b)* उचित मजदूरी

*(c)* वास्तविक और नाममात्र मजदूरी

*(d)* आवश्यकता-आधारित न्यूनतम मजदूरी

**79.** निम्नलिखित में से किसने यह प्रेक्षण किया है कि नौकरशाही अमला किए गए कार्य के परिमाण के व्युत्क्रमानुपात में बढ़ता है?

*(a)* लॉरेन्स जे० पीटर

*(b)* पीटर एफ़० ड्रकर

*(c)* वारेन जी० बीनिस

*(d)* नॉर्थकोट पार्किंसन

**80.** निम्नलिखित में से किस एक दशा में आभासी सकारात्मक कर्मचारी-भर्ती (स्टार्फिग) त्रुटि पायी जाती है?

*(a)* चयन तथा निष्पादन स्कोर उच्च हैं

*(b)* चयन स्कोर निम्न हैं और निष्पादन स्कोर उच्च हैं

*(c)* चयन स्कोर उच्च हैं और निष्पादन स्कोर निम्न हैं

*(d)* चयन और निष्पादन स्कोर दोनों निम्न हैं

**81.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (चयन चरण)** | **सूची-II (उद्देश्य)** |
|---|---|
| A. सन्दर्भ जाँच | 1. उम्मीदवारों का तत्काल मूल्यांकन |
| B. प्रारम्भिक साक्षात्कार | 2. व्यवहार वैचित्र्य, शब्दावली, स्वभाव आदि को मापने के साथ उम्मीदवारों का मूल्यांकन |
| C. चयन परीक्षण | 3. आवेदन-पत्रों में दी गई प्रामाणिकता की जाँच |
| D. व्यापक साक्षात्कार | 4. उम्मीदवार की बुद्धि लब्धि का मापन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 4 | 1 | 3 |

**82.** Consider the following stages of planned change :

1. Moving
2. Refreezing
3. Unfreezing

Which one of the following is the correct sequence of the above according to Kurt Lewin?

*(a)* 1–2–3

*(b)* 2–3–1

*(c)* 3–1–2

*(d)* 1–3–2

**83.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I (Contributor)* | | *List–II (Leadership Style)* |
|---|---|---|---|
| A. | Robert Blake and Jane Mouton | 1. | Four-system model |
| B. | W. J. Reddin | 2. | Normative model |
| C. | Rensis Likert | 3. | Managerial grid |
| D. | Vroom and Yetton | 4. | The 3-D theory |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 4 | 1 | 3 |

**84.** Which one of the following is ***not*** a dimension of the managerial grid theory of leadership?

*(a)* Country club management

*(b)* Impoverished management

*(c)* Team management

*(d)* Entrepreneurship management

**85.** Which one of the following is the correct sequence with regard to communication process?

*(a)* Sender–Message–Encoding–Receiver–Channel–Decoding–Feedback

*(b)* Message–Sender–Encoding–Receiver–Channel–Decoding–Feedback

*(c)* Encoding–Message–Sender–Decoding–Feedback–Receiver–Channel

*(d)* Sender–Message–Encoding–Channel–Receiver–Decoding–Feedback

**86.** Gangplank theory of communication, advanced by Henri Fayol, is an example of which one of the following?

*(a)* Vertical upward communication

*(b)* Vertical downward communication

*(c)* Lateral or horizontal communication

*(d)* Cyclic or circular communication

**82.** योजनाबद्ध परिवर्तन के निम्नलिखित चरणों पर विचार कीजिए :

1. संचलन
2. पुनर्कीलन
3. अकीलन

कर्ट ल्यूइन के अनुसार, उपर्युक्त का निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही अनुक्रम है?

*(a)* 1–2–3

*(b)* 2–3–1

*(c)* 3–1–2

*(d)* 1–3–2

**83.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (योगदानकर्ता)** | **सूची–II (नेतृत्व शैली)** |
|---|---|
| A. रॉबर्ट ब्लैक और जेन माऊटन | 1. चतुर्व्यवस्था प्रतिरूप |
| B. डब्ल्यू० जे० रेडिन | 2. मानकीय प्रतिरूप |
| C. रेनसिस लिकर्ट | 3. प्रबन्धकीय ग्रिड |
| D. व्रूम और येटन | 4. त्रिविम सिद्धान्त |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 4 | 1 | 3 |

**84.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक नेतृत्व के प्रबन्धकीय ग्रिड सिद्धान्त का विस्तार **नहीं** है?

*(a)* कन्ट्री क्लब प्रबन्ध

*(b)* परिक्षीणित प्रबन्ध

*(c)* टीम प्रबन्ध

*(d)* उद्यमवृत्ति प्रबन्ध

**85.** संचार प्रक्रिया के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही अनुक्रम है?

*(a)* प्रेषक–संदेश–संकेतन–प्राप्तकर्त्ता–मार्ग–विसंकेतन–प्रतिपुष्टि

*(b)* संदेश–प्रेषक–संकेतन–प्राप्तकर्त्ता–मार्ग–विसंकेतन–प्रतिपुष्टि

*(c)* संकेतन–संदेश–प्रेषक–विसंकेतन–प्रतिपुष्टि–प्राप्तकर्त्ता–मार्ग

*(d)* प्रेषक–संदेश–संकेतन–मार्ग–प्राप्तकर्त्ता–विसंकेतन–प्रतिपुष्टि

**86.** हेनरी फेयॉल द्वारा प्रतिपादित संचार का गैंगप्लैंक सिद्धान्त, निम्नलिखित में से किस एक का उदाहरण है?

*(a)* ऊर्ध्वस्तर उपरिमुखी संचार

*(b)* ऊर्ध्वस्तर अधोमुखी संचार

*(c)* पार्श्विक या समस्तरीय संचार

*(d)* चक्रीय या वर्तुल संचार

**87.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Theory of Motivation)* | *List–II (Contributor)* |
|---|---|
| A. X, Y theory | 1. Frederick Herzberg |
| B. Expectancy theory | 2. J. Stacey Adams |
| C. Two-factor theory | 3. Douglas McGregor |
| D. Equity theory | 4. Victor Vroom |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**88.** Maslow's need-hierarchy theory of motivation has classified the human needs into following five categories :

1. Safety needs
2. Esteem needs
3. Social needs
4. Physiological needs
5. Self-actualization needs

Which one of the following is the correct hierarchy of the above needs from low order to high order?

*(a)* 1–4–3–2–5

*(b)* 4–1–3–2–5

*(c)* 5–3–2–4–1

*(d)* 4–1–2–5–3

**89.** Under which of the following situations must dissolution of partnership take place?

1. At the expiry of the term
2. On the completion of a particular adventure
3. On death, insolvency or retirement of a partner

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 and 2 only

**90.** Which one of the following is ***not*** included by Henry Mintzberg in the depiction of managerial roles?

*(a)* Interpersonal role

*(b)* Informational role

*(c)* Decisional role

*(d)* Organizing role

**87.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (अभिप्रेरण का सिद्धान्त)** | **सूची-II (योगदानकर्ता)** |
|---|---|
| A. X, Y सिद्धान्त | 1. फ्रेडरिक हर्जबर्ग |
| B. प्रत्याशा सिद्धान्त | 2. जे० स्टेसी एडम्स |
| C. द्वि-कारक सिद्धान्त | 3. डगलस मैक्ग्रेगर |
| D. साम्या सिद्धान्त | 4. विक्टर व्रूम |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**88.** मैस्लो के अभिप्रेरण के आवश्यकता-अधिक्रम सिद्धान्त में मनुष्य की आवश्यकताओं को निम्नलिखित पाँच कोटियों में वर्गीकृत किया गया है :

1. सुरक्षा आवश्यकताएँ
2. सम्मान आवश्यकताएँ
3. सामाजिक आवश्यकताएँ
4. शरीरक्रियात्मक आवश्यकताएँ
5. आत्म-सिद्धि आवश्यकताएँ

निम्नलिखित में से कौन-सा एक, उपर्युक्त आवश्यकताओं का निम्नक्रम से उच्चक्रम तक, सही अधिक्रम है?

*(a)* 1-4-3-2-5

*(b)* 4-1-3-2-5

*(c)* 5-3-2-4-1

*(d)* 4-1-2-5-3

**89.** निम्नलिखित परिस्थितियों में से किस/किन में साझेदारी का समापन अवश्य हो जाता है?

1. समय-अवधि के समाप्त होने पर
2. विशेष जोखिम के समापन पर
3. साझेदार की मृत्यु, दिवालियापन अथवा सेवा-निवृत्ति पर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 2

**90.** प्रबन्धकीय भूमिकाओं के चित्रण में हेनरी मिंट्ज़बर्ग द्वारा निम्नलिखित में से किस एक को शामिल **नहीं** किया गया है?

*(a)* अन्तर्वैयक्तिक भूमिका

*(b)* सूचनात्मक भूमिका

*(c)* निर्णयात्मक भूमिका

*(d)* संगठनात्मक भूमिका

**91.** Which of the following is/are correct regarding coordination?

1. Coordination cannot be voluntarily produced by a number of cooperating persons.
2. Coordination is, for the most part, the result of voluntary attitudes on the part of people in an organization.
3. Coordination is a far more inclusive term embracing the idea of cooperation.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**92.** Who among the following has advanced the Power, Affiliation and Achievement motivation concept?

*(a)* J. Stacey Adams

*(b)* B. F. Skinner

*(c)* Victor Vroom

*(d)* David C. McClelland

**93.** Which one of the following is ***not*** a method of performance appraisal?

*(a)* Grading method

*(b)* Behaviourally-anchored rating scale method

*(c)* Forced distribution method

*(d)* Paired comparison method

**94.** Consider the following statements about individual incentive system :

1. Individual incentive plans are used more frequently than organization-based plans.
2. Individual plans can sometimes cause undesirable competition among peers.

Which of the statements given above is/are ***not*** correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**95.** How can a subsequent auditor be removed from office before the expiry of his term?

*(a)* With the prior approval of the Company Law Board

*(b)* With the prior approval of the Central Government

*(c)* Simply by passing resolution in the Board of Directors meeting

*(d)* With the prior approval of the Registrar of the Companies

**96.** Which one of the following is an analytical method of job evaluation?

*(a)* Classification method

*(b)* Point-rating method

*(c)* Projection method

*(d)* Ranking method

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से, समन्वय के सम्बन्ध में सही है/हैं?

1. समन्वय, कुछ संख्या में सहयोगी व्यक्तियों द्वारा ऐच्छिक रूप से पैदा नहीं किया जा सकता।
2. समन्वय प्रायः एक संगठन में लोगों की ओर से ऐच्छिक अभिवृत्तियों का परिणाम है।
3. समन्वय, सहयोग के विचार को अंगीकार करने वाला कहीं अधिक समावेशी शब्द है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* 1, 2 और 3

**92.** निम्नलिखित में से किसने अभिप्रेरण की शक्ति, सम्बन्धन तथा उपलब्धि संकल्पना को प्रस्तुत किया?

*(a)* जे० स्टेसी एडम्स

*(b)* बी० एफ० स्किनर

*(c)* विक्टर व्रूम

*(d)* डेविड सी० मैक्क्लेलैण्ड

**93.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक निष्पादन मूल्यांकन की पद्धति **नहीं** है?

*(a)* श्रेणीकरण पद्धति

*(b)* व्यवहारतः स्थिरीकृत क्रम-निर्धारण मापनी पद्धति

*(c)* बाधित वितरण पद्धति

*(d)* युग्मित तुलना पद्धति

**94.** व्यक्तिगत प्रोत्साहन पद्धति के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. व्यक्तिगत प्रोत्साहन योजनाएँ, संगठन आधारित योजनाओं की अपेक्षा बारम्बार अधिक प्रयोग में आती हैं।
2. व्यक्तिगत योजनाएँ कभी-कभी समकक्षों में अवांछनीय प्रतियोगिता का कारण बन सकती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**95.** एक उत्तरवर्ती लेखापरीक्षक को उसके पद से उसकी पदावधि समाप्ति से पूर्व कैसे हटाया जा सकता है?

*(a)* कम्पनी विधि बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से

*(b)* केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से

*(c)* निदेशक बोर्ड की बैठक में मात्र प्रस्ताव पारित करके

*(d)* कम्पनी पंजीयक के पूर्व अनुमोदन से

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक कार्य मूल्यांकन की विश्लेषणात्मक पद्धति है?

*(a)* वर्गीकरण पद्धति

*(b)* अंक-निर्धारण पद्धति

*(c)* प्रक्षेपण पद्धति

*(d)* श्रेणीकरण पद्धति

**97.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List–I (Contributor) | List–II (Management Thought/Theory) |
|---|---|
| A. Mary Parker Follett | 1. Human relations |
| B. Henri Fayol | 2. Integration theory |
| C. Elton Mayo | 3. Scientific management |
| D. F. W. Taylor | 4. 14 principles of management |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**98.** Identify the correct sequence of the following with regard to delegation of authority :

1. Creation of obligation
2. Authorization of actions
3. Determination of expected results
4. Assignment of duties

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 3–2–4–1

*(b)* 1–2–4–3

*(c)* 1–4–2–3

*(d)* 3–4–2–1

**99.** Consider the following statements with regard to 'management by objectives' :

1. Overall objectives are set at the top of the organizational hierarchy.
2. Individual objectives coincide with the objectives of the organization.
3. Performances of employees are evaluated periodically.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1 only

**100.** A private company having been altered into a public company must file a prospectus or statement in lieu of prospectus to the Registrar within a period of

*(a)* 30 days

*(b)* 21 days

*(c)* 15 days

*(d)* 7 days

**97.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (योगदानकर्ता) | सूची–II (प्रबन्ध विचार/सिद्धान्त) |
|---|---|
| A. मेरी पार्कर फॉलेट | 1. मानवीय सम्बन्ध |
| B. हेनरी फेयॉल | 2. एकीकरण सिद्धान्त |
| C. एल्टन मेयो | 3. वैज्ञानिक प्रबन्ध |
| D. एफ० डब्ल्यू० टेलर | 4. प्रबन्ध के 14 सिद्धान्त |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**98.** प्राधिकार के प्रत्यायोजन के सम्बन्ध में निम्नलिखित के सही अनुक्रम को पहचानिए :

1. दायित्व का सर्जन
2. कार्यों का प्राधिकरण
3. सम्भावित परिणामों का निर्धारण
4. कर्त्तव्यों का समनुदेशन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 3–2–4–1

*(b)* 1–2–4–3

*(c)* 1–4–2–3

*(d)* 3–4–2–1

**99.** 'उद्देश्य के अनुसार प्रबन्ध' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संगठनात्मक अधिक्रम के शीर्ष पर समस्त उद्देश्य तय किए जाते हैं।
2. व्यक्तिगत उद्देश्य संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप होते हैं।
3. कर्मचारियों के निष्पादनों का आवधिक मूल्यांकन होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 1

**100.** एक निजी कम्पनी को जो सार्वजनिक कम्पनी में परिवर्तित हुई है, रजिस्ट्रार के पास कितनी अवधि के अन्दर विवरण-पत्रिका या विवरण-पत्रिका के स्थान पर विवरण को फाइल करना होता है?

*(a)* 30 दिन

*(b)* 21 दिन

*(c)* 15 दिन

*(d)* 7 दिन

**101.** Which one of the following is signified by the Moosa Goolam Ariff *v.* Ebrahim Goolam Ariff case?

*(a)* The certificate of incorporation is a conclusive proof of validity

*(b)* The certificate of incorporation is for the commencement of the business

*(c)* The certificate of incorporation places limit on the working of the Directors

*(d)* Company can be revived after dissolution

**102.** Information Memorandum, as per Section 60 (B) of the Companies Act, 1956 is related to

*(a)* the Director's responsibility statement

*(b)* corporate governance

*(c)* initial public offering

*(d)* accounting standard relating to finance and investment companies

**103.** Statutory Report

*(a)* shall be prepared by Board of Directors and forwarded 21 days before the statutory meeting

*(b)* shall be prepared by the Secretary and forwarded 21 days before the statutory meeting

*(c)* can be prepared by anyone and there is no time period prescribed

*(d)* shall be prepared by the auditor and forwarded 30 days before the statutory meeting

**104.** Which one of the following is the penalty imposed under the Companies Act for contravening the provisions relating to acquisition and transfer of shares?

*(a)* Imprisonment for a term extending to three years or with fine which may extend to rupees fifty thousand or both

*(b)* Imprisonment for a term extending to six years or with fine which may extend to rupees ten thousand or both

*(c)* Imprisonment for a term extending to one year or with fine which may extend to rupees five thousand or both

*(d)* Imprisonment for a term extending to five years or with fine which may extend to rupees twenty-five thousand or both

**101.** मूसा गुलाम आरिफ *बनाम* अब्राहिम गुलाम आरिफ वाद से निम्नलिखित में से कौन-सा एक सूचित होता है?

*(a)* निगमन का प्रमाण-पत्र वैधता का निश्चायक सबूत है

*(b)* निगमन का प्रमाण-पत्र व्यापार प्रारम्भ करने के लिए है

*(c)* निगमन का प्रमाण-पत्र संचालकों के कार्यों की सीमा निर्धारित करता है

*(d)* विघटन के पश्चात् कम्पनी का पुनः प्रवर्तन किया जा सकता है

**102.** निम्नलिखित में से किस एक के साथ कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 60(B) के अनुसार सूचना विवरण-पत्रिका सम्बन्धित है?

*(a)* निदेशक का उत्तरदायित्व विवरण

*(b)* निगम अभिशासन

*(c)* प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रस्ताव-पत्र

*(d)* वित्त और विनियोग कम्पनियों से सम्बन्धित लेखाकरण मानक

**103.** सांविधिक प्रतिवेदन

*(a)* निदेशक मण्डल द्वारा तैयार की जाएगी और सांविधिक बैठक से 21 दिन पूर्व अग्रेषित की जाएगी

*(b)* सचिव द्वारा तैयार की जाएगी और सांविधिक बैठक से 21 दिन पूर्व अग्रेषित की जाएगी

*(c)* किसी के द्वारा तैयार की जा सकती है और कोई निर्धारित समय-अवधि नहीं है

*(d)* लेखापरीक्षक द्वारा तैयार की जाएगी और सांविधिक बैठक से 30 दिन पूर्व अग्रेषित की जाएगी

**104.** शेयरों के अधिग्रहण और हस्तांतरण के उपबन्धों के उल्लंघन के लिए, कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सा एक दण्ड अधिरोपित होता है?

*(a)* तीन वर्ष तक की अवधि के लिए कारावास अथवा जुर्माना जिसकी राशि 50,000 रु० तक हो सकती है या दोनों

*(b)* छः वर्ष तक की अवधि के लिए कारावास या जुर्माना जिसकी राशि 10,000 रु० तक हो सकती है या दोनों

*(c)* एक वर्ष तक की अवधि के लिए कारावास या जुर्माना जिसकी राशि 5,000 रु० तक हो सकती है या दोनों

*(d)* पाँच वर्ष तक की अवधि के लिए कारावास या जुर्माना जिसकी राशि 25,000 रु० तक हो सकती है या दोनों

**105.** Which among the following can issue shelf prospectus?

*(a)* Any company

*(b)* Only public limited company

*(c)* Any public financial institution

*(d)* Only private companies

**106.** Statutory meeting has to be called

*(a)* within six months but not earlier than one month of certificate of incorporation

*(b)* within six months but not earlier than one month of certificate of commencement of business

*(c)* any time within six months of the certificate of commencement of business

*(d)* any time within three months of an annual general meeting

**107.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* | | *List–II* |
|---|---|---|---|
| A. | Doctrine of indoor management | 1. | Kotla Venkataswami *v.* Rammurthy |
| B. | Untrue statement in prospectus | 2. | Ashbury Railway Carriage and Iron *v.* Riche |
| C. | Doctrine of ultra vires | 3. | Green Wood *v.* Leather Shod Wheel Co. |
| D. | Doctrine of constructive notice | 4. | Royal British Bank *v.* Turquand |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(c)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(d)* | 1 | 2 | 3 | 4 |

**108.** Which one of the following exceptions for doctrine of indoor management was provided from Ruben *v.* Great Fingall Consolidated case?

*(a)* Knowledge of irregularity

*(b)* Forgery

*(c)* Suspicion of irregularity

*(d)* An act outside apparent authority

**109.** The doctrine of indoor management seeks to

*(a)* protect outsider against the company

*(b)* protect company against the outsider

*(c)* determine the relations between company and Directors

*(d)* determine the relationship between Directors and auditor

**105.** निम्नलिखित में से कौन निधानी विवरण-पत्रिका निर्गमित कर सकता है?

(a) कोई भी कम्पनी

(b) केवल सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी

(c) कोई सार्वजनिक वित्तीय संस्थान

(d) केवल निजी कम्पनियाँ

**106.** सांविधिक बैठक बुलाई जानी होती है

(a) छः माह के भीतर लेकिन निगमन के प्रमाण-पत्र के एक माह से पूर्व नहीं

(b) छः माह के भीतर लेकिन व्यापार प्रारम्भ करने के प्रमाण-पत्र के एक माह से पूर्व नहीं

(c) व्यापार प्रारम्भ करने के प्रमाण-पत्र के छः माह के भीतर किसी भी समय

(d) वार्षिक आम सभा के तीन माह के भीतर किसी भी समय

**107.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. आन्तरिक प्रबन्ध का सिद्धान्त | 1. कोटला वेंकटस्वामी *बनाम* राममूर्ति |
| B. विवरण-पत्रिका में असत्य विवरण | 2. ऐशबरी रेलवे कैरिज ऐण्ड आयरन *बनाम* रिची |
| C. अधिकारातीत (ultra vires) का सिद्धान्त | 3. ग्रीन वुड *बनाम* लेदर शॉड व्हील कम्पनी |
| D. प्रलक्षित सूचना का सिद्धान्त | 4. रॉयल ब्रिटिश बैंक *बनाम* तुर्कन्द |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**108.** रुबेन *बनाम* ग्रेट फिंगाल समेकित वाद से आन्तरिक प्रबन्ध के सिद्धान्त के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एक अपवाद दिया गया?

(a) अनियमितता का ज्ञान

(b) जालसाजी

(c) अनियमितता की संदिग्धता

(d) प्रत्यक्ष प्राधिकार के बाहर कोई कार्य

**109.** आन्तरिक प्रबन्ध का सिद्धान्त

(a) कम्पनी के विरुद्ध बाहरी व्यक्ति की सुरक्षा का प्रयत्न करता है

(b) बाहरी व्यक्ति के विरुद्ध कम्पनी की सुरक्षा का प्रयत्न करता है

(c) कम्पनी और निदेशकों के मध्य सम्बन्धों के निर्धारण का प्रयत्न करता है

(d) निदेशक और लेखापरीक्षक के मध्य सम्बन्धों के निर्धारण का प्रयत्न करता है

**110.** Under Section 292 A of the Companies Act, 1956, in which among the following types of companies is constitution of an audit committee compulsory?

Every public company having a paid-up capital of not less than

*(a)* rupees one crore

*(b)* rupees two crores

*(c)* rupees five crores

*(d)* rupees ten crores

**111.** In which one of the following ways can the Secretary of a company be removed from his office?

*(a)* By a resolution passed in the meeting of the Board of Directors

*(b)* By an order of the Registrar of the Companies

*(c)* By a resolution passed in annual general meeting

*(d)* By a special order of the SEBI

**112.** In which one of the following theories is it assumed that the psychological forces shaping peoples' behaviour are largely unconscious, and that a person cannot understand his or her own motivations?

*(a)* Maslow's theory

*(b)* Herzberg's theory

*(c)* Freud's theory

*(d)* McGregor's theory of X and Y

**113.** Consider the following statements :

Matrix organization is

1. most suitable when a project of a temporal nature is to be executed
2. mostly seen in R & D and engineering organizations

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**114.** Who among the following has advanced 'Transactional Analysis' as an explanation of interpersonal communication strategy?

*(a)* Thomas A. Harris

*(b)* Eric Frank

*(c)* Muriel James

*(d)* Eric Berne

**115.** Under Section 233 A of the Companies Act, 1956, in which one of the following conditions special audits of a company's accounts may be ordered?

*(a)* The financial position of the company is such as to endanger its solvency

*(b)* The company is violating its articles of association

*(c)* The memorandum of association is under dispute

*(d)* The company has not appended its memorandum of explanation with the Balance Sheet

**110.** कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 292A के अनुसार, निम्नलिखित में से किस एक प्रकार की कम्पनी में लेखापरीक्षा समिति का गठन करना अनिवार्य है?

प्रत्येक सार्वजनिक कम्पनी जिसकी चुकता पूँजी

*(a)* एक करोड़ रुपये से कम नहीं है

*(b)* दो करोड़ रुपये से कम नहीं है

*(c)* पाँच करोड़ रुपये से कम नहीं है

*(d)* दस करोड़ रुपये से कम नहीं है

**111.** एक कम्पनी के सचिव को उसके पद से निम्नलिखित में से किस एक प्रकार से हटाया जा सकता है?

*(a)* निदेशक मण्डल की सभा में संकल्प पारित करके

*(b)* कम्पनी पंजीयक के आदेश द्वारा

*(c)* वार्षिक आम सभा में संकल्प पारित करके

*(d)* सेबी (SEBI) के विशेष आदेश द्वारा

**112.** निम्नलिखित में से किस एक सिद्धान्त में यह माना गया है कि लोगों के व्यवहारों को बनाने वाले मनोवैज्ञानिक बल अधिकांश में अचेतन होते हैं तथा व्यक्ति अपने स्वयं के अभिप्रेरणों को समझ नहीं सकता?

*(a)* मैस्लो का सिद्धान्त

*(b)* हर्जबर्ग का सिद्धान्त

*(c)* फ्रायड का सिद्धान्त

*(d)* मैक्ग्रेगर के X तथा Y का सिद्धान्त

**113.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

मैट्रिक्स संगठन

1. सर्वाधिक उपयुक्त है जब एक कालिक प्रकृति की परियोजना निष्पादित की जानी है
2. अनुसंधान एवं विकास और इंजीनियरी संगठनों में अधिकतर दिखाई देता है

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**114.** अन्तर्वैयक्तिक सम्प्रेषण युक्ति की व्याख्या के रूप में 'संव्यवहार विश्लेषण' को निम्नलिखित में से किसने प्रस्तुत किया?

*(a)* थॉमस ए० हैरिस

*(b)* इरिक फ्रैंक

*(c)* मुरियल जेम्स

*(d)* इरिक बर्नी

**115.** कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 233A के अनुसार, निम्नलिखित में से किस एक दशा में कम्पनी के लेखाओं की विशेष लेखापरीक्षा का आदेश किया जा सकता है?

*(a)* कम्पनी की वित्तीय स्थिति ऐसी है जिससे इसकी शोधन क्षमता का खतरा है

*(b)* कम्पनी अपने संस्था के अन्तर्नियमों का उल्लंघन कर रही है

*(c)* संस्थापन प्रलेख विवाद में है

*(d)* कम्पनी ने तुलन-पत्र के साथ स्पष्टीकरण का ज्ञापन संलग्न नहीं किया है

*Directions* :

The following **five (5)** items consist of two statements, one labelled as 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below.

*Code* :

*(a)* Both A and R are individually true and R is the correct explanation of A

*(b)* Both A and R are individually true but R is ***not*** the correct explanation of A

*(c)* A is true but R is false

*(d)* A is false but R is true

**116.** Assertion (A) :

Sinking fund is a charge against Profit and Loss Account.

Reason (R) :

Sinking fund is created for repayment of a liability.

**117.** Assertion (A) :

When a company earns any profit prior to incorporation, it is called capital profit.

Reason (R) :

Capital profit ***cannot*** be used for distribution as dividend to the shareholders.

**118.** Assertion (A) :

Audit means checking of the arithmetical accuracy of books of accounts and statements by mechanical ticking of figures.

Reason (R) :

Mere knowledge of Accountancy is not sufficient for auditing.

**119.** Assertion (A) :

The name of a company may be changed by ordinary resolution also.

Reason (R) :

The change of name shall be complete and effective only on the issue of fresh certificate of incorporation.

**120.** Assertion (A) :

The powers of the Board of Directors are coextensive with those of the company.

Reason (R) :

The Board of Directors of a company is entitled to do all such acts and things as the company is authorized to do.

**निर्देश :**

निम्नलिखित **पाँच (5)** प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं, एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए।

**कूट :**

*(a)* A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

*(b)* A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

*(c)* A सही है, परन्तु R ग़लत है

*(d)* A ग़लत है, परन्तु R सही है

**116.** कथन (A) :

निक्षेप निधि लाभ तथा हानि लेखा के विरुद्ध प्रभार है।

कारण (R) :

निक्षेप निधि का सृजन किसी देयता को लौटाने के लिए किया जाता है।

**117.** कथन (A) :

जब एक कम्पनी निगमन से पूर्व कोई लाभ अर्जित करती है, तो यह पूँजी लाभ कहलाता है।

कारण (R) :

पूँजी लाभ का शेयरधारकों में लाभांश वितरण के लिए उपयोग **नहीं** किया जा सकता।

**118.** कथन (A) :

लेखापरीक्षा का अर्थ है, लेखा पुस्तकों तथा विवरणों की अंकगणितीय शुद्धता को, अंकों को मशीनी रूप से चिह्नित (टिक) करते हुए जाँचना।

कारण (R) :

लेखापरीक्षा के लिए लेखाशास्त्र का निरा ज्ञान पर्याप्त नहीं है।

**119.** कथन (A) :

एक कम्पनी का नाम सामान्य संकल्प द्वारा भी परिवर्तित किया जा सकता है।

कारण (R) :

निगमन के नए प्रमाण-पत्र के निर्गमन पर ही नाम का परिवर्तन पूर्ण तथा प्रभावी होगा।

**120.** कथन (A) :

निदेशक मण्डल की शक्ति, कम्पनी की शक्तियों के साथ सह-विस्तृत है।

कारण (R) :

कम्पनी के निदेशक मण्डल वे सब कार्य करने के हकदार हैं, जिन्हें कम्पनी करने के लिए अधिकृत है।

## SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : P–DTQ–J–DPN** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या** 8997

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## वाणिज्य

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 300**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न लिखें**।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.